भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 19
सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)

रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को सहायत

19. श्रीमती सुमलता अम्बरीशः
श्री डी.के. सुरेशः
श्री नलीन कुमार कटीलः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) परियोजना के तहत रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों और नियोक्ताओं को रोजगार संबंधी सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) गत तीन वर्षो के दौरान एनसीएस योजना के तहत लाभार्थियों की राज्य-वार/वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है; और
(ग) उक्त अवधि के दौरान योजना के लिए किया गया कुल आवंटन कितना है और उक्त अवधि के दौरान जारी और खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना, सरकार द्वारा रोजगार की खोज एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सीधी पहुंच प्रदान कराना, देश के अभिलाषी युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर तथा करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है।

एनसीएस परियोजना में, रोजगार चाहने वालों/नियोक्ताओं के पंजीकरण, करियर परामर्श/व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करने, रोजगार मेले आयोजित करने, आउटरीच गतिविधियों आदि जैसी रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य संस्थानों के सहयोग से मॉडल कैरियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापना भी शामिल है।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान एनसीएस योजना के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की कुल संख्या की सूचना अनुबंध पर है।

(ग): विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान एनसीएस योजना के तहत बजट अनुमान (बीई), संशोधित अनुमान (आरई) और व्यय निम्नानुसार है:

राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना			
रुपए करोड़ में			
वि.व.	बीई	आरई	व्यय
2019-20	50.00	50.00	63.93
2020-21	79.39	49.63	43.80
2021-22	57.00	32.00	24.30

*****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा के दिनांक 18.07.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 19 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार पंजीकृत रोजगार चाहने वालों की संख्या:

राज्य	**2019-2020**	**2020-2021**	**2021-2022**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	25,504	13,253	3,742
आंध्र प्रदेश	86,366	74,508	2,29,875
अरुणाचल प्रदेश	1,237	1,122	48,595
असम	24,521	71,512	3,39,886
बिहार	2,07,725	1,84,767	3,24,280
चंडीगढ़	3,967	3,484	14,812
छत्तीसगढ	30,759	31,214	68,811
दादर और नगर हवेली	600	313	681
दमन और दीव	76	78	1,002
दिल्ली	25,904	43,085	1,10,034
गोवा	1,866	32,762	8,308
गुजरात	79,287	77,301	2,14,462
हरियाणा	22,061	43,820	1,63,950
हिमाचल प्रदेश	70,266	1,87,170	1,56,825
जम्मू और कश्मीर	12,129	38,654	1,01,924
झारखंड	32,458	60,856	7,87,088
कर्नाटक	80,304	71,588	2,04,542
केरल	36,018	61,833	1,18,458
लद्दाख	674	498	2,254
लक्षद्वीप	1,799	1,568	361
मध्य प्रदेश	59,190	72,754	6,79,367
महाराष्ट्र	6,22,370	1,95,542	4,69,125
मणिपुर	4,335	4,226	35,699
मेघालय	655	1,899	22,580
मिजोरम	2,586	469	14,209
नागालैंड	6,012	2,274	16,598
ओड़िशा	57,014	67,237	1,44,990
पुडुचेरी	23,194	13,068	9,414
पंजाब	45,858	2,74,589	3,12,965
राजस्थान	69,150	1,96,624	2,71,129
सिक्किम	1,256	399	4,781
तमिलनाडु	1,32,189	1,28,783	4,49,251
तेलंगाना	1,96,258	78,867	1,93,660
त्रिपुरा	47,825	50,816	76,639
उत्तर प्रदेश	8,41,076	5,49,543	5,83,659
उत्तराखंड	18,821	15,844	97,773
पश्चिम बंगाल	1,40,214	1,95,193	2,60,207
योग	**30,11,524**	**28,47,513**	**65,41,936**